भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या: 103

09 फरवरी, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

एम्स में मानव संसाधन

***103. श्री दीपक बैज:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में कार्यरत रायपुर एम्स सहित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में कर्मचारियों की तुलना में कितने डॉक्टर, नर्स, पैरामेडिकल एवं अन्य कर्मचारी कार्य कर रहे हैं; और

(ख) क्या देश में एम्स मानव संसाधन की कमी के बावजूद अपनी पूर्ण क्षमता से कार्य कर रहे हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) और (ख): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

09 फरवरी, 2024 के लिए लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 103 के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क): देश में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), रायपुर सहित अन्य एम्स में कार्यरत संकाय (चिकित्सक) और गैर-संकाय (नर्स, पैरामेडिकल और अन्य स्टाफ सहित) का ब्यौरा **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

(ख): एम्स नई दिल्ली के अतिरिक्त, सरकार ने प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत 22 नए एम्स की स्थापना को मंजूरी दी है। सुविधाओं के सर्वोत्तम उपयोग के लिए बुनियादी सुविधाओं के विकास और मानव संसाधनों के बीच संतुलन बनाए रखा जाता है।

अनुलग्नक I

एम्स में कार्यरत संकाय (चिकित्सक) और गैर-संकाय (एसआर/जेआर, नर्स, पराचिकित्सा और अन्य स्टाफ सहित) सदस्यों का ब्यौरा

क्र.सं.	एम्स का नाम	संकाय पद	गैर-संकाय पद
1.	नई दिल्ली	834	11124
2.	भोपाल	231	2937
3.	भुवनेश्वर	248	2319
4.	जोधपुर	227	2558
5.	पटना	219	2697
6.	रायपुर	188	2417
7.	ऋषिकेश	213	2501
8.	मंगलगिरी	133	936
9.	नागपुर	177	981
10.	कल्याणी	146	777
11.	गोरखपुर	103	731
12.	बठिंडा	147	875
13.	बिलासपुर	101	831
14.	गुवाहाटी	93	365
15.	देवघर	111	763
16.	बीबीनगर	106	661
17.	रायबरेली	105	895
18.	राजकोट	69	445
19.	मदुरै	50	33
20.	विजयपुर जम्मू	85	554

******